मेरे सिर पर रखदो हाथ मेरे खाटू वाले

मेरे सिर पर रखदो हाथ मेरे खाटू वाले,
दीनो के तुम हो नाथ मेरे खाटू वाले,

सोंप दिया मैंने तुम्हे जीवन ये सारा
तेरे सिवा न कोई जग में हमारा
तेरे हाथो में मेरी लाज ओ खाटू वाले
मेरे सिर पर रखदो हाथ मेरे खाटू वाले,

केह नही पाते लव दिल की कहानी
तुम को सुनाता मेरा आँखों का पानी
मेरे दिल की हर बात मेरे खाटू वाले
मेरे सिर पर रखदो हाथ मेरे खाटू वाले,

केहते है सारे तू सब का सहारा
दोडा चला आता तुझे जिस ने पुकारा
तुम्हे आना होगा आज मेरे खाटू वाले
मेरे सिर पर रखदो हाथ मेरे खाटू वाले,

सुन कर के बाबा तेरी लखदातारी
आस लेके आया शर्मा चोकठ तुम्हारी
ममता का देना साथ मेरे खाटू वाले
मेरे सिर पर रखदो हाथ मेरे खाटू वाले,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20611/title/mere-ser-par-rakhdo-hath-mere-khatu-vale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |